रासायनिक साम्य

प्रस्तावना :

साम्यवस्था एक स्थिति है। जिसमें समय बीतने पर भी कोई देखने योग्य परिवर्तन होता है। जब कोंई रासायनिक अभिक्रिया साम्यवस्था स्थिति पर पहुचॅती है। तब अभिकारक तथा उत्पादों की सान्द्रताएँ स्थिर हो जाती है। तथा समय के साथ कोई देखने योग्य परिवर्तन निकाय में नही होता है हालाकिं यहॉ आण्विक स्तर पर क्रियाशीलता अधिक होती है। क्योकिं क्रियाकारक अणु निरन्तर उत्पाद के अणु बनाते है। जबकि उत्पाद अणु क्रिया करके अभिकारक अणु बनाते है। यह गतिक प्रावस्था रासायनिक साम्यवस्थाा अध्याय का विषय है। यहॉ हम विभिन्न प्रकार की साम्य रासायनिक क्रियाओं, साम्यवस्था स्थिरांक के अर्थ तथा इसका वेग स्थिरांक से संबंध तथा साम्य तंत्र को प्रभावित करने वाले कारणों के बारे में अध्ययन करेंगे।

रासायनिक अभिक्रिया के प्रकार

अनुत्क्रमणीय अभिक्रिय वह

(a)अभिक्रिया जो कि केवल एक दिशा मे चलती है।

$NaCl\ (aq) + AgNO_3(aq) \longrightarrow NaNO_3(aq) + AgCl\downarrow$

(b)उदसीनीकरण अभिक्रिया : उदा. के लिए

$HCl\ (aq) + NaOH\ (aq) \longrightarrow NaCl(s) + H_2O$

(c)एक गैसीय उत्पाद के साथ खुले पात्र में करायी अभिक्रिया

उत्क्रयमणीय अभिक्रिया

अभिक्रिया जो दोनो दिशा में चलती है।

(a)$N2(g) + O_2(g) \rightleftharpoons 2NO(g)$

(b)$PCl_5(g) \rightleftharpoons PCl_3(g) + (Cl)(g)$

रासायनिक अभिक्रिया के प्रकार

	अनुत्क्रमणीय अभिक्रिया		उत्क्रमणीय अभिक्रिया
1.	वह अभिक्रिया जो केवल एक ही दिशा में होती है। (अग्र दिशा में)	1.	वह अभिक्रिया जो समान प्रायोगिक परिस्थिति के समूह के अर्न्तगत दोनों दिशाओं में होती है।
2.	अभिक्रिया पूर्णरूप से उत्पादों में बदल जाते है। उत्पाद क्रिया करके पुनः अभिकारक नही बनाते है।	2.	अभिकिराक उत्पाद बनाते है।तथा उत्पाद भी पुनः क्रिया कर पश्च दिशा में अभिकारक बनाते है। यह बंद निकाय में सम्भव है।
3.	साम्य प्राप्त नही होता है।	3.	साम्य प्राप्त होता है तथा कभी भी अभिक्रिया पूर्ण नही होती है।
4.	इस प्रकार की अभिक्रिया को एक तीर{$\longrightarrow$}से बनाते है	4.	इसे($\rightleftharpoons$)तीरों से अथवा ($\longleftrightarrow$)से प्रदर्शित होती है।
5.	उदाहरण :	5.	उदाहरण
(a)	अवक्षेपण अभिक्रिया उदाहरण $NaCl(\text{जलीय}) + AgNO_3(\text{जलीय}) \longrightarrow NaNO_3(\text{जलीय}) + AgCl\downarrow(s)$	(a)	स्मांगी अभिक्रियाएँ– केवल एक अवस्था उपस्थित होती हैं। (i)गैसीय –अवस्था
(b)	उदासीनीकरण अभिक्रिया उदाहरण $HCl(\text{जलीय}) + NaOH(\text{जलीय}) \longrightarrow NaCl(\text{जलीय}) + H_2O$		$H_2(g) + I_2(g) \rightleftharpoons 2HI(g)$ $N_2(g) + O_2 \rightleftharpoons 2NO(g)$[बर्क लेंड आयेड विधि($HNO_3$)]
(c)	$2KClO_3(s) \xrightarrow{\Delta} 2KCl(s) 3O_2(g)$		$N_2(g) + 3H_2(g) \rightleftharpoons 2NH_3(g)$(हेबर विधि)
(d)	खुले निकाय में अभिक्रिया – यहाँ कि एक उम्क्रमणीय अभिक्रिया अनुत्क्रमणीय हो जायेगी यदि इसे खुले काय मे लिया जाए।		(ii)द्रव – अवस्था $CH_3COOH(\ell) + C_2H_5OH(\ell) \rightleftharpoons CH3COOC_2H_5(\ell) H_2O(\ell)$ विषमांगी अभिक्रियाएँ – एक से अधिक बिन्दु निकाय अवस्थाएँ उपस्थित
	$CaCO_3(s) \rightleftharpoons CaO(s) + CO_2(g)$ **खुला निकाय**		हाती है।
	$NH4HS(s) \rightleftharpoons NH_3(g) + H_2S(g)$		$CaCO_3(s) \rightleftharpoons CaO(s) + CO_2(g)$ **बन्द निकाय**
			$NH_4HS(s) \rightleftharpoons NH_3(g) + H_2S(g)$

रासायनिक साम्य की अवस्था :

साम्य अवस्था का अर्थ हैं क्रियाकारी बलों का सन्तुलन इसका अर्थ है कि अभिक्रिया के अग्र तथा पश्च दिशा में लगने वाले कारक एक दूसरे को सतुंलन कर रहे है। साम्यवस्था दो विपरित प्रावस्थाओं का सामजस्य प्रदर्शित करती है।

- अणु ऊर्जा को कम से कम करने की कोशिश करते है।
- अणु एन्ट्रॉपी को अधिकतम करने की कोंशिश करते है।

एक उत्क्रमणीय अभिक्रिया में

$$\underbrace{R_1 + R_2}_{\text{अभिकारक}} \rightleftharpoons \underbrace{P_1 + P_2}_{\text{उत्पाद}}$$

प्रारम्भ में केवल अभिकारक उपस्थित होते है। R_1तथा R_2संयोजित होकरP_1और P_2बनाता है। जैसे हीP_1वP_2बनते है। वे पश्च अभिक्रिया प्रारम्भ करते है। जैसे ही R_1वR_2की सान्द्रता कम होती है। अग्र अभिक्रिया की दर कम हो जाती है। तथा पश्च अभिक्रिया की दर बढ जाती है। आखिर में एक ऐसी अवस्था होती है। तब दोंनों दर बराबर हो जाती है। इस प्रकार की अवस्था रासायनिक साम्य अथवा साम्य की अवस्था होती हैं।

रासायनिक साम्य की प्रकृति अथवा अभिलक्षण :

1. अग्र अभिक्रिया (r_1)कर दर = प्रतीप अभिक्रिया (r_2) की दर
2. क्रियाकारक पदार्थ व क्रियाफल पदार्थो की सान्द्रता (मोल/लीटर) स्थिरांक होती है।

$$(R_1+R_2 \longrightarrow P_1+P_2)$$











प्रक्रम के आधार पर साम्य

भौतिक साम्य

भौतिक विधि में साम्य भौतिक साम्य कहलाता है।

उदाहरण के लिए

अवस्था परिवर्तन

$H_2O(l) \rightleftharpoons H_2O(g)$;

विलायक

$$NaCl(s) \underset{\text{आधिक्य}}{\overset{H_2O}{\rightleftharpoons}} NaCl(aq)$$

रासायनिक साम्य

रासायनिक विधि में साम्य रासायनिक साम्य कहलाता है।

उदाहरण के लिए

$$H_2(g) + Cl_2(g) \rightleftharpoons 2HCl(g)$$



रासायनिक साम्य के अभिलक्षण अथवा प्रकृति :

- साम्य किसी भी दिशा मे प्राप्त किया जा सकता है।
- साम्य गतिक प्रवृति का होता है।
- अब यदिसाम्य में कुछ KNO_3 कोमिलाते है। तो लाल रंग की तीव्रता कम हो जाती है। जिसका अर्थ है। कि अभिकिया पश्चदिशा में जायेगी दूसरी और यदि हम $Fe(NO_3)_3$ मिलाते है तो अभिकिया अग्र दिशा में जाती है। तथा लाल रंग की तीव्रता बनाती है। अतः साम्य प्रकृति मे स्थिर नही होता है।
- एक उत्प्रेरक साम्य तक पहुचने की दर को प्रभावित करता है। लेकिन साम्य की अवस्था को परिवर्तित नही करता है। उत्प्रेरक को प्रयुक्त कर विभिन्न कर, विभिन्न (अधिक/कम) समय में साम्य स्थापित किया जा सकता है। अभिकारक तथा उत्पाद की आपेक्षिक सान्द्रता उत्प्रेरक की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति के सन्दर्भ मे समान रहती है।
- रासायनिक साम्य की स्थिति प्रेक्षित किये जाने वाले गुण जैसे रंग, दाब,सान्द्रता, घनत्व, ताप, अपवर्तनांक इत्यादि से प्रेक्षित किया जा सकता है जो कि दी गई अभिकिया में अनुकूल है।
- साम्य पर मुक्त ऊर्जा परिवर्तन ΔG शून्य होता है।
- साम्य अवस्था दाब, आयतन, सान्द्रता तथा ताप इत्यादि (ले–चाटेलियर सिद्धान्त) जैसे कारको को प्रभावित करता है।
- यदि किसी साम्य को परिवर्तित करते है तो भी यह लगातार अपनी मूल अवस्था की ओर वापस अग्रसित होता है।

द्रव्य अनुपाती किया कर नियम : (गुलबर्ग तथा वागे द्वारा)

वह दर जिस पर पदार्थ किया करता है। $\propto$ { पदार्थ के सक्रिय द्रव्यमान के}

सक्रिय द्रव्यमान = मोलर सान्द्रता अर्थात मोल/लीटर = $\frac{\text{पदार्थ का मान (ग्राम में)}}{\text{अणुभार ग आय तन (लीटर)}}$ इसे वर्ग

वाले कोष्ठक के रूप में प्रदर्शित करते है। अर्थात [ ] उदा. $[Aa],[N_2]$ इत्यदि।

एक निश्चित ताप पर रासायनिक अभिक्रिया की दर अभिक्रिया मे जो अभिकारक काम मे लिये जाते है। क्रमशः अणुओं की संख्या को उनकी घातो में लेकर प्रत्येक सान्द्रता पद लिखा जाता है।

उदा. $aA + bB \rightarrow$ उत्पाद

अभिक्रिया की दर $\alpha\ [a]^a\ [B]^b$

दर = $K\ [A]^a\ [B]^b$

जहॉ K अभिक्रिया का दर नियतांक है।

साम्य नियतांक (K)

एक सामान्य अभिक्रिया $aA + bB \rightleftharpoons cC + dD$ के लिए

अग्र अभिक्रिया की दर $r_F = K_r\ [A]^a\ [B]^b$

प्रतीप अभिक्रिया की दर $r_b = K_b\ [C]^c\ [D]^d$

साम्य पर क्रियाकारक व क्रियाफल की सान्द्रताएँ।

$$r = r$$

$$K_r\ [A]^a\ [B]^b = K_b\ [C]^c\ [D]^d$$

साम्य पर उत्पाद तथा अभिकारक की सान्द्रता निम्न द्वारा संबंधित होती है।

$$\frac{K_f}{K_b} = K_c = \frac{[C]^c[C]^d}{[a]^a[B]^b}$$

- K_C एक नियतांक है तथा सान्द्रता के पदों नियतांक इसे साम्य नियतांक कहा जाता है। जहॉ सभी सान्द्रताओं को मोल/लीटर मे व्यक्त करते है।

उदा $PCL\,(g) \rightleftharpoons PCL_3\,(g) + Cl_2\,(g) \quad \Rightarrow K_c = \frac{[PCl_2][Cl_2]}{[PCl]}$

उदा $N_2 + 3H_2 \rightleftharpoons 2NH_3 \quad \Rightarrow K_c = \frac{[NH_3]^2}{[N_2][H_2]^3}$

उदा $\frac{1}{2}H_2\,(g) + \frac{1}{2}I_2\,(g) \rightleftharpoons (g)\,HI\,(g) \Rightarrow K_c = \frac{[HI]'}{[H_2]^{1/2}[I_2]^{1/2}}$

- $K_p \rightarrow$अशिंक दाब के पदों में साम्य नियतांक रहता है। यह उस साम्य अभिक्रिया के लिए परिभाषित किया जाता है। जो कम से कम एक गैसीय घटक रखता है।

उदा $aA(g) + bB(g) \rightarrow cC(g) + dD(g)$

$$Kp = K_c = \frac{[Pc]^c[P_D]^d}{[P_A]^a[P_B]^b}$$

जहॉ विभिन्न दाब, विभिन्न गैसीय पदार्थो का आशिंक दाब होते है।

- **K_p तथा K_C के बीच संबंध**

$PV = nRT$ अथवा, $P = \frac{n}{V}RT$

$PV = CRT$ यहॉ $C = \frac{n}{v} =$ (मोल/लीटर)

$P_C = [C]\,RT\,;\, P_D = [D]\,RT\,;\, P_A = [A]\,RT\,;\, P_B = [B]\,RT$

$\Rightarrow \quad K_P = \frac{[C]^c(RT)^c[D]^d(RT)^d}{[A]^a(RT)^a[B]^b(RT)^b} = \frac{[C]^c[D]^d}{[A]^a[B]^b}(RT)^{(c+d)-(a+b)}$

$K_p = K_C\,(RT)^{\Delta n}$

$\Rightarrow$ $\Delta n =$ (केवल गैसीय अवस्था में क्रियाफल के मोलों की संख्या का योग) (केवल गैसीय अवस्था में क्रियाकारक के मोलों की संख्या का योंग

Δn = धनात्मक, ऋणात्कम, शून्य या भिन्नत्मक हो सकता है।

$CaCO_3 \rightleftharpoons CaO(S)+CO_2(g)$

धनात्मक, ऋणात्मक, शून्य या भिन्नात्मक भी हो सकता है।

Δn 1,क्योकि यह केवल एक गैसीय क्रियाकारक मे है और अभिक्रिया में कोई गैस यौगिक नही है।

$\Rightarrow K_P = K_c\,(RT)$

साम्य नियतांक की इकाई :

- K_Pकी इकाई $(atm)^{\Delta n}$ है।
- K_P की इकाई $(mol/Lit)^{\Delta n} = (conc.)^{\Delta n}$ है।

नोट :

- वास्तव में साम्य नियतांक को इकाई नही रखता है। क्योकि यह अभिकारकों तथा उत्पादों की क्रिग्राशीलता पर निर्भर नही करता है तथा क्रियाशीलताएँ विमा रहित मात्रा होती है। सामान्य परिस्थितियों पर जहॉ पर क्रियाशीलता ज्ञात नही होती है। उपरोक्त प्रकार के साम्य नियतांक तथा उनकी विमाएँ प्रयुक्त की जाती है।
- **शुद्ध ठोस तथा शुद्ध द्रव के लिए यद्यपि उनके स्वंय के सक्रिय द्रव्यमान होते है। लेकिन एक रासायनिक परिवर्तन (अभिक्रिया) के दौरान वे नियत रहते है। इसलिए अनुकूल परिस्थिती बनायी रखने के लिए इकाई मे लिया जाता है।**

उदा. $\mathbf{CaCO_3\,(S) \rightleftharpoons CaO\,(s) + CO_2\,(g)}$

$K_C = [CO_2]$, $K_p = P_{CO_2}$

साम्यवस्था नियतांक के अनुप्रयोग

- **अभिक्रिया कि दिशा निर्धारण में**

अभिक्रिया भाजक (Q) :

अभिक्रिया के प्रत्येक बिन्दु पर, हम सान्द्रता पर अनुपात लिख सकते है। जो कि साम्य नियतांक व्यजंक के समान रूप में होता है। इस अनुपात को अभिक्रिया भाजक कहा जाता है। तथा इसे से इगिंत किया जाता है।

$$\text{व्यंजक } Q = \frac{[C]^c[D]^d}{[A]^a[B]^b}$$

उपरोक्त व्यंजक को किसी भी समय के दौरान अभिक्रिया भाजक कहा जाता है।

सान्द्रताएँ [A], [B] श्यक नही है।



- अभिक्रिया भाजक समय के साथ परिवर्तित राशी है।
- यह अभिक्रिया कि दिशा निर्धारण करने में सहायता करता है।
  - यदि $Q > Kc$ हो तो अभिक्रिया साम्य स्थापित होने तक पश्च दिशा मे जायेगी ।
  - यदि $Q < K_c$ हो तो अभिक्रिया साम्य स्थापित होन तक अग्र दिशा में जायेगी।
  - यदि $Q = K_c$ हो तो अभिक्रिया साम्य पर होगी ।

उदा. $2A(g) + B(g) \rightleftharpoons C(g) + D(g)$

Q_c = सान्द्रता के पदों में अभिक्रिया भाजक

$$Q_c = \frac{[C][D]}{[A]^2[B]}$$

$$Kc = \frac{[C]_{eq}[D]eq}{[A]^2_{eq}[B]_{eq}}$$ [यहाँ सभी सन्द्रताएँ साम्य पर है]

- **अभिक्रिया का प्रसार निर्धारण** :

$$K = \frac{[\text{उम्पाद}]}{[\text{क्रियाकारक}]}$$



Case - I

यदि Kबड़ा($k > 10^3$)हो तो उत्पाद सान्द्रता अभिकारक ({उत्पाद}>>{अभिकारक}) की अपेक्षा बहुत–बहुत बड़ा होता है। अतः अभिकारक की सान्दता, उत्पाद की सान्द्रता के सन्दर्भ मे नगण्य मानी जा सकती है। इस स्थिति मे उत्पाद के अनुसार अभिक्रिया प्राप्त होती है तथा साम्य पश्च दिशा की अपेक्षा अग्र दिशा में अधिक होगी।

Case - II

यदिK बहुत छोटा हो ($K < 10^{-3}$)

{उत्पाद} << { अभिकारक}

अतः उत्पाद की सान्द्रता को अभिकारक की तुलना में नगण्य माना जा सकता है।

इस स्थिति मे, अभिक्रिया, अभिकारक के अनुसार होती है।

- **साम्यवस्था सान्द्रताओं की गणना**

  विभिन्न कियाकारको तथा उत्पादों की सान्द्रता की गणना उनके साम्यावस्था स्थिरांक तथा प्रारम्भिक सान्द्रताओं को काम में लेते हुए की जा सकती है।

साम्य नियतांक के अभिलक्षण तथा इसे प्रभावित करने वाले कारक :

- साम्य नियतांक विभिन्न अभिकारकों की सान्द्रता, उत्प्रेरक की उपस्थिति, तथा साम्य की दिशा पर निर्भर नही करता है।
- साम्य नियतांक केवल तापमान पर निर्भर नही करता है।
- अभिकिया के रससमीकरणमिती पर भी निर्भर करता है।
- यदि दो रासायनिक अभिकियाओं जिनके साम्य पर साम्य स्थिरांक K_1 तथा K_2 है। तब परिणामी अभिकिया के लिए साम्य स्थिरांक की समीकरण $K = K_1 . K_2$ होगी।

		समीकरण नियतांक
	$A \rightleftharpoons B$	K_1
	$B \rightleftharpoons C$	K_2
जोडने पर	$A \rightleftharpoons C$	$K = K_2 K_2$

- यदि अभिकिया के साम्य नियतांक K_1 को उल्टा (विपरित) किया जाता है। तो परिणामी समीकरण का साम्य नियतांक $\frac{1}{K_1}$ हो जाता है।

$$A + B \rightleftharpoons C + D$$

विपरित होन पर, $C + D \rightleftharpoons A + B$ $\qquad K = \frac{1}{K_1}$

- यदि एक रासयनिक अभिकिया जसका साम्य नियतांक K_1 है को एक कारक n से गुणा किया जाता है। तो परिणामी समीकरण के लिए साम्य – नियतांक $K = (n_1)^n$ है। द भिन्न हो सकता है।

उदा	$D_2 \rightleftharpoons 2A$	K_1
$\left(\frac{1}{2}\right)$ द्वारा गुणा करने पर	$\frac{1}{2}D_2 \rightleftharpoons A$	$K = (K_1)^{1/2} = \sqrt{K_1}$

साम्य प्राप्त करने में लिया गया समय जिस का साम्य–नियतांक के साथ कोई संबंध नही होता है।

- **साम्यवस्था स्थिरांक ताप पर निर्भर करता है।**

  इसका अर्थ हैं कि नियत ताप पर Kp व K_C नियत रहता है। चाहे दाब, सान्द्रता, आयतन अथवा उत्प्रेरक में कुछ भी परिवर्तन हों।

- फिर भी यदि तापमान मे वृद्धि होती है।

$$\text{Log}\frac{K_2}{K_1} = \frac{\Delta H}{2.303\,R}\left[\frac{1}{T^1} - \frac{1}{T^2}\right]; \Delta H = \text{अभिकिया की एन्थैल्पी}$$

यदि $T_2 > T_1$ तब $K_2 > K_1$; ΔH = + ve (ऊष्माशोषी अभिकिया) प्रदान करता है।

$K_2 < K_1$ यदि ΔH = - ve (ऊष्माक्षेपी अभिकिया) प्रदान करता है।

उपरोक्त समीकरण में R तथा ΔT समान रहने चाहिए।

- **साम्य–स्थिरांक तथा मानक मुक्त ऊर्जा परिवर्तन के बीच संबंध :**

$\Delta G^o = -2303\ RT \log K$

जहॉ ΔG^o = मानक मुक्त ऊर्जा परिवर्तन

T = परम ताप

R = सार्वत्रिक गैस नियतांक

समांगी द्रव निकाय : एथिल एसीटेट का निर्माण करना :

एल्कोहॉल तथा अम्ल के बीच अभिक्रिया से एस्टर का बनना द्रव निकाय में समांगी साम्य का एक उदाहरण है।

$$CH_3COOH\ (i) + C_2H_5H\ (i) \rightleftharpoons CH_3COOC_2H_5\ (l) + H_2O\ (l)$$

$$K_c = \frac{[CH_3COOC_2H_2][H_2O]}{[CH_3COOH][C_2H_2OH]}$$

- **आयनों से संबंधित समीकरण :**

आयनों से संबंधित साम्य हमेशा जलीय माध्यम में लिए जाते है। के व्यंय की स्थिति मे आयन की सान्द्रता ली जाती है।

उदा. $Ag^+(aq) + Cl^-\ (aq.) \rightleftharpoons aGCl(s)$ $K_c = \frac{1}{[Ag^+][Cl^{-1}]}$

विषमांगी साम्य :

शुद्ध ठोस तथा शुद्ध द्रव के लिए, सक्रिय द्रव्यमान को इकाई के रूप में लिया जाता है। अर्थात 1 के रूप में लिया जाता है। जो अभिक्रिया के दौरान नियत रहता है।

- $CaCo_3\ (s) \rightleftharpoons CaO\ (s) + CO_2\ (g)$

$K_p = P_{CO2}$, $K_C = [CO_2\ (g)]$

$$[CaCO_3\ (s)] = \frac{\text{मोल}}{\text{आय नत}} = \frac{\frac{W_{CaCO_3}}{M_{CaCO_3}}}{V} = m\frac{\text{घनत्व } CaCO_3}{MCaCO_3} = \text{नियत}$$

$$K = \frac{[CaO(s)][CO_2\ (g)]}{[CaCO_3(s)]}$$

$$\frac{K.[CaCO_3(S)]}{[CaCo_3(s)]} = [CO_2\ (g)]$$

$K_c = [CO_2\ (g)]$

- $H_2O\ (l) \rightleftharpoons H_2O\ (g)$

$K_p = P_{H2O}(g)$, $K_c = [H_2O\ (g)]$

{ शुद्ध ठोस व शुद्ध द्रव्य के लिए सक्रिय द्रव्यमान को इकाई लेते है। अर्थात }

वियोजन की मात्रा (α)

यह उत्पादो में वियोजित एक मोल का भिन्न होता है।

(एक मोल के लिए परिभाषित)

* α = वियोजित मोल की संख्या/मोल की प्रारंभिक संख्या
= 1 मोल से वियोजित होने वाले का अनुपात

नोट : % वियोजन = $a \times 100$

PCl_5 के 5 मोल लेते है व यदि PCL_5 के 2 मोल का वियोजन होता हो तो $\alpha = \frac{2}{5} = 0.4$

माना एक गैस का निम्न रूप से वियोजन होता है।

$$A_n\ (g) \rightleftharpoons nA\ (g)$$

$t = 0$	a	0			
$t = t_{eq}$	$a - x$	n.x	$\alpha = \frac{x}{a}$	$\Rightarrow$	$x = a\alpha$.
	$a - a\alpha = a(1-\alpha)$	$n\ a\ \alpha$			

मोलो की कुल संख्या = $a - a\alpha + n\ a\ \alpha$

$= [1 + (n - 1)\alpha]\ a$

n की सार्थकता

$$n = \frac{\text{उत्पादो के रससभीकरणमिती को योग}}{\text{अभिकारकों के रससमीकरणकिती का योग}}$$

(i) $PCl_5 \rightleftharpoons PCl_3 + Cl$ के लिए $(n = 2)$

(ii) $2NH_3\,(g) \rightleftharpoons N_2(g) + 3H_2\,(g)$ के लिए $\left(n = \frac{3}{2} + \frac{1}{2} = 2\right)$

(ii) $2HI(g) \rightleftharpoons H_2(g) + I_2\,(g)$ के लिए $(n = 1)$

मिश्रण के लिए प्रेक्षित आण्विक भार तथा प्रेक्षित वाष्प घनत्व :

$$A_n \text{ (गैस) का प्रेक्षित आण्विक भार } \frac{\text{साम्य मिश्रण का अण्विक भार}}{\text{मोलों की कुल संख्या}} = \frac{a.M_{th}}{a(1+(n-1)\alpha)}$$

$$\therefore \quad M_{\text{प्रेक्षित}} \propto \frac{M_{th}}{[1+(n-1)\alpha]}$$

जहॉ M_{th} = सैद्धान्तिक आण्विक भार (n = परमाणुकता)

$$M_{\text{मिश्रण}} = \frac{M_{A_n}}{[1+(n-1)\alpha]}\text{ , } M_{An} \text{ गैस } A_n \text{ का मोलर द्रव्यमान}$$

वाष्प घनत्व : समान ताप तथा दाब पर किसी गैस तथा हाइड्रोजन के घनत्व का अनुपात

- D = बिना वियोजन के वाष्प घनत्व = $\frac{M_{A_n}}{2}$

  d = मिश्रण का वाष्प घनत्व = प्रेक्षित वाष्प घनत्व $\frac{M_{mix}}{2}$

  $\frac{D}{d} = 1 + (n - 1)\,\alpha$

  $\therefore \quad \alpha = \frac{D-d}{(n-1)\,x\,d} = \frac{M_T - M_o}{(n-1)M_o}$

  जहॉ M_T = सैद्धान्तिक आण्विक भार M_0 = प्रेक्षित आण्विक भार या साम्य पर मिश्रण का आण्विक भार

  नोट : यह $n = 1$ के लिए प्रयुक्त नही किया जाता है। **{ उदा. HI तथा NO का वियोजन}**

बाह्य साम्य पर प्रभाव डालने वाले कारक :

ली शातेलिये का सिद्धान्त :

यदि साम्य मे किसी बाह्य कारक द्वारा परिवर्तन कर साम्यवस्था ज्ञात की जाए तो साम्य ऐसी दिशा मे अभिकृत होगा जिसमें किये गये परिवर्तन के प्रभाव को न्यूनतम किया जा सके।

- **सान्द्रण का प्रभाव :**
  - यदि साम्य पर क्रियाकारक की सान्द्रता मे वृद्धि करते है। तो अभिक्रिया अग्र दिशा में विस्थापित हो जाती है।
  - यदि क्रियाफल की सान्द्रता मे वृद्धि करते है। तब साम्य प्रतीप दिशा में विस्थापित होता है।

    $N_2 + 3H_2 \rightleftharpoons 2NH_3$

    (क्रियाकारक)↑ अग्र विस्थापन

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

(उत्पाद)↑ पश्च विस्थापन

नोट : किसी ठोस घटक को मिलाने पर साम्य पर कोई प्रभाव नही पडता है।

• **आयतन का प्रभाव** :

- यदि आयतन बढ़ातें है तो दाब घटता है यहॉ अभिक्रिया उस दिशा में विस्थापित होगी जिस दिशा में दाब में वृद्धि होती है। अर्थात वह दिशा जिसमें गैस के कुल मोलो की संख्या बढती है। तथा इसके विपरित
- यदि आयतन बढ़ता है तब

  $\Delta n > 0$ अभिक्रिया अग्र दिशा में विस्थापित होगी।

  $\Delta n < 0$ अभिक्रिया पश्च दिशा में विस्थापित होगी।

  $\Delta n = 0$ अभिक्रिया विस्थापित नही होगी।

व्याख्या:

(1) Δn . 0, eg. $PCl_5\ (g) \rightleftharpoons PCl_3(g) + Cl_2\ (g)$

$$Q_c = \frac{\frac{(nCi_2)}{V} \times \frac{(nP_{Cl_3})}{V}}{\frac{(n_{PCl_5})}{V}} \Rightarrow Q_C \propto \frac{1}{V} \text{ for } \Delta n\ \ 0 \qquad [(\ ) = \text{moles}]$$

V के बढ़ने पर, Q_c , घटता है।

अब $Q_c < K_C$ अभिक्रिया अग्र दिशा में विस्थापित होती है।

अत : , यदि, आयतन ↑ Q_C ↓अग्र दिशा

आयतन ↓ Q_C ↑ पश्च दिशा

(2) $\Delta n < 0$, eg. $N_2\ (g) + 3\ H_2\ (g) \rightleftharpoons 2NH_3\ (g)$

$$Q_c = \frac{\left\{\frac{(n_{NH_3})^2}{V}\right\}}{\left\{\frac{(n_{N_2})}{V}\right\}\left\{\frac{(n_{H_2})}{V}\right\}^3} \Rightarrow Q_c \propto V^2 \text{ के लिए } \Delta n < 0$$

V ↑ Q_c↑ - पश्च दिशा : V ↓ Q_c ↓ - अग्र दिश

• **दाब का प्रभाव** :

यदि साम्य पर दाब बढ़ाते है तब अभिक्रिया दाब को कम करने की कोशिश करेगी, अर्थात् वह उस दिशा में विस्थापित होगा जहॉ गैस के मोलो की संख्या कम बनती है।

∵ $P \propto$ मोलो की संख्या

(1) $\Delta n = 0$ के लिए → कोई प्रभाव नहीं

(2) $\Delta n > 0$ ds fy, $PCl_5\ (g) \rightleftharpoons PCl_3\ (g) + Cl_2(g)$

$$Q_p = \frac{(X_{PCl_3}P).(X_{Cl_2}P)}{(X_{PCl_5}.P)} \Rightarrow Q_p = P \qquad [(\ ) = \text{मोल भिन्न}]$$

P↓ = Q_p ↓ = अग्र दिशा   P↑ = Q_p ↑ = पश्च दिशा

(3) $\Delta n < 0$ के लिए, उदा $N_2(g) + 3H_2(g) \rightleftharpoons 2\ NH_3\ (g)$

$$Q_p = \frac{[(X_{NH_3})P)]^2}{[(X_{N_2}.P)][(X_{H_2})P]^3} \Rightarrow Q_p = \frac{1}{P^2}$$

P↓ = Q_p ↓ = अग्र दिशा   P↑ = Q_p ↑ = पश्च दिशा

• **उत्प्रेरक का प्रभाव** :

उत्प्रेरक के कारण साम्य की अवस्था पर कोई प्रभाव नही होता है मतलब कोई परिवर्तन नही होगा क्योंकि उत्प्रेरक अग्र तथा पश्च अभिक्रिया दोनों की सक्रियण ऊर्जा को समान रूप से कम करता है। अतः अग्र तथा पश्च दर दोनों समान रूप से बढ़ती हैं अतः साम्य शीघ्रता से प्राप्त होता है। व साम्य पर पहुचने में लगा समय कम हो जात है।

- **अक्रिय गैस मिलाने पर प्रभाव :**
  (1) **नियत दाब** : यदि अक्रिय गैस को मिलाने पर दाब नियत रखने के लिए आयतन बढ़ता है अर्थात साम्य उस दिशा में विस्थापित होगा जहॉं गैसों के मोलो की संख्या अधिक बनती है।
  1. $\Delta n > 0$, अभिक्रिया अग्र दिशा में विस्थापित होगी।
  2 $\Delta n < 0$, अभिक्रिया पश्च दिशा में विस्थापित होगी ।
  3 $\Delta n = 0$,अभिक्रिया विस्थापित नही होगी।
  (2) **नियत आयतन** : स्थिर आयतन पर अक्रिय गैस मिलाने पर कोई प्रभाव नही होता है।

- **ताप का प्रभाव :**
  (1) **ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया** : अभिक्रिया जिसमें ऊष्मा उत्सर्जित होती है।
  $A(g) + B(g) \rightleftharpoons C(g) + D(g) +$ ऊष्मा $\quad \Delta H = -ve$
  उदा. $N_2(a) + 3H_2(g) \rightleftharpoons 2NH_3(g) + Q$
  $T\uparrow \Rightarrow K'$ घटेगा (वान्ट हॉफ समीकरणसे)
  $\Rightarrow$ इसलिए, $Q > K' \Rightarrow$ पश्च विस्थापन
  $T\uparrow \Rightarrow$ अग्रविस्थापन
  (2) **ऊष्माशोषी अभिक्रिया** : ऊर्जा खर्च होगी
  $A(g) + B(g) \rightleftharpoons C(g) + D(g) -$ ऊष्मा $\quad \therefore \Delta H = +ve$
  $T\uparrow \Rightarrow K\uparrow \Rightarrow$ अग्रदिशा $\qquad T\downarrow \Rightarrow K\downarrow \Rightarrow$ पश्चदिशा

ली शतालिये सिद्धान्त के अनुप्रयोग प्रायोगिक साम्य परिस्थितियॉं :

- **द्रव का वाष्प दाब :**
  वाष्प द्रव के ऊपर वाष्प द्वारा उत्पन्न किया जाता है। जब यह द्रव के साथ साम्यवस्था में होती है। जल के वाष्प दाब को ही वाष्पदाब कहते है।
  $$H_2O(l) \rightleftharpoons H_2O(g)\ ;\ K_P = P_{H_2O} = \text{स्थिरांक}$$
  अर्थात द्रव वाष्प दाब, आयतन तथा सान्द्रता परिवर्तन मे स्वतंत्र होता है।
  e.g. $25^\circ C$ पर, जल का वाष्प घनत्व $\approx$ Hg का 24 mm
  $$\text{सापेक्षिक सान्द्रता} \ \frac{H_2O \text{ वाष्प का आंशिक दाव}}{H_2O \text{ का वाष्प दाब उसी ताप पर}}$$

- **हीरे का बनना :**
  C (ग्रेफाइट) $\rightleftharpoons$ C (हीरा) $-$ ऊष्मा
  ↓ ↓
  निम्न घनत्व — उच्च घनत्व
  उच्च आयतन — निम्न आयतन
  हीरे के बनने के लिए उच्च दाब तथ उच्च ताप आवश्यक है।

- **बर्फ का पिघलना :**
  $H_2O(S) \rightleftharpoons H_2O(g)$
  ↓ ↓
  निम्न घनत्व — उच्च घनत्व
  उच्च आयतन — निम्न आयतन

  बर्फ के पिघलन के लिए उच्च ताप व उच्च दाब आवश्यक है।

- **पानी का उबलना :**
  $H_2O(S) \rightleftharpoons H_2O(g)$

↓ ↓
उच्च घनत्व निम्न घन्त्व
निम्न आयतन उच्च आयतन

दाब बढ़ाने पर साम्य अवस्था उस दिशा की ओर अग्रसर होगी जिस दिशा में आयतन घटेगा। i.e. पश्च दिंशा। अतः दाब बढ़ाने पर क्वथनांक बिंदु भी बढता है।

- **हेबर विधि द्वारा अमोनिया को बनाना :**

$N_2(g) + 3H_2(g) \rightleftharpoons 2NH_3(g)$ $\Delta H = 22.4$ Kcal/mol.

(1) अभिक्रिया कम ताप पर आगे की दिशा में विस्थापित होगी । परन्तु बहुत कम ताप पर अभिक्रिया की दर बहुत अल्प होती है। इस प्रकार यह अभिक्रिया सामान्य ताप पर होती है।

(2) उच्च दाब पर अभिक्रिया अधिक उत्पाद बनाने` लिए अग्र दिशा में विस्थापित होती है।

- **सम्पर्क विधि द्वारा SO_3 का निर्माण करना :**

$2SO_2(g) + O_2(g) \rightleftharpoons 2SO_3(g) + 45.2$ Kcal

उच्च दाब पर (1.5 to 1.7 atm), निम्न ताप पर (500^oC), SO_2 व O_2 की उच्च मात्रा SO_2 के निर्माण के लिए उपयुक्त परिस्थिति है।

- **बर्फलैण्ड़ आइड विधि द्वारा NO का निर्माण :**

$N_2(g) + O_2(g) \rightleftharpoons 2NO(g) - 43.2$ Kcal

- दाब परिवर्तन पर कोई प्रभाव नही पडता
- उच्च ताप (1200^oC to 2000^oC), N_2 व O_2 की उच्च सान्द्रता NO के निर्माण के लिए उपयुक्त परिस्थिति है।

साम्य की ऊष्मागतिकी :

एक सामान्य अभिक्रिया $mA + nB \rightleftharpoons pC + qD$, ΔG दिया गया है।

$$\Delta G = \Delta G^o + 2.303\ RT \log_{10} Q$$

जहाँ ΔG = गिब्स मुक्त ऊर्जा

ΔG^o = मानक गिब्स मुक्त ऊर्जा

Q = अभिक्रिया गुणांक

क्योंकि, साम्य पर $Q = K$

यहाँ K ऊष्मागतिकी साम्यवस्था स्थिरांक K_c या K_p को हटाकर है।

$$K = \frac{(a_c)^p (a_D)^q}{(a_A)^m (a_B)_n}$$

a_x ,X की गतिविधि को प्रदर्शित करता है।

स्वतः अभिक्रिया के लिये शर्त : $\Delta G < 0$ स्वतः अभिक्रिया के लिये

चूंकि $\Delta G = \Delta H - T\Delta S$

$\Rightarrow$ $\Delta H = T\Delta S$ $\Rightarrow$ $T > \Delta H/\Delta S$

- $\Delta G = 0$ असतत् अभिक्रिया के लिये
- ΔG = साम्य के लिये

समक्षणिक या युगपत साम्य :

यदि किसी पात्र मे एक या एक से अधिक एक समान स्पीशीज के सन्दर्भ मे दो यो दो से अधिक साम्य एक साथ होते हो, तो दोनो या सभी साम्य मे समान स्पीशीज की सान्द्रता सभी साम्यवस्थाओं में ली गई उस स्पीशीज की कुल सान्द्रता होती है।

e.g. $A(s) \rightleftharpoons X(g) + Y(g)$

t = 0 a 0 0

t = tep a – t t t + u

$B(s) \rightleftharpoons Z(g) + Y(g)$

B 0 0

b –u u u + t

$K_{c1} = t(u + t)$

$Kc_2 = (u + t)\,u$

SUMMARY

रासायनिक साम्य एक गतिक अवस्था है जिसमें कियाकारकों तथा उत्पादों की सान्द्रता स्थिर होती है। क्योकि अग्र तथा पश्च अभिक्रिया की दर समान होती है। एक सामान्य अभिक्रिया की दर समान होती है। एक सामान्य अभिक्रिया

$a\,A + b\,B \rightleftharpoons c\,C + d\,D$ के लिए

साम्यवस्था मिश्रण के लिये सान्द्रताएँ निम्न साम्य समीकरण से देते है।

$$K_c = \frac{[C]^c\,[D]^d}{[A]^a\,[B]^b}$$

दाहिनी और का अभिक्रिया गुणांक अभिक्रिया साम्यवस्था स्थिरांक व्यंजक कहलाता है। साम्यवस्था स्थिरांक K_c को साम्यवस्था सान्द्रताओ का (mol/L में) प्रतिस्थापन करके प्राप्त करते हैं। K_c का मान ताप पर निर्भर करता है। तथा सतुलिंत अभिक्रिया के रूप पर निर्भर करता है।

साम्यवस्था स्थिरांक K_p गैसीय अभिक्रियाओं के लिये प्रयोग किया जाता है। इसे K_c के रूप में लिखते है। तथा सान्द्रताओं को आशिंक दाब के रूप में लिखते है। स्थिरांक K_p तथा K_c समीकरण $K_p = K_c\,(RT)^{\Delta n}$ से संबंधित किये जाते है। जहॉं $\Delta n = (C + d) – (a + b)$ है।

संमागी साम्य के लिये सभी कियाकारक व उत्पाद समान अवस्था होते है। विषंमागी साम्य वह होते है। जिनमे क्रियाकारक व उत्पादों की साम्यवस्था सान्द्रताएँ ठोस तथा शुद्ध द्रव के लिये शामिल नही करते है।

साम्यवस्था स्थिरांक का मान अभिक्रिया के बढ़ने को बताने में सहायता करता है। अभिक्रिया दिशा का मान ज्ञात करके, साम्यवस्था सान्द्रताएँ, प्रारम्भिक सान्द्रताओं के समान का उपयोग करके बतायी जा सकती है। अभिक्रिया जितना ज्यादा पुर्णता की और अग्रसर होती है। K_c का मान ज्यादा होता है। अभिक्रिया की दिशा जब साम्य पर नही होता है। K_c तथ अभिक्रिया गुणांक Q_c पर निर्भर करता है जो K_c की तरह की परिभाषित होता है। लेकिन यह आवश्यक नही है।कि जो सान्द्रताएँ Q_c के लिये काम ली जाये वह साम्य सान्द्रताएँ ही हो। यदि $Q_c < K_c$ तो कुल अभिक्रिया बायें से दाये की ओर साम्य स्थापित करने के लिये जाती है यदि $Q_c < K_c$ तो निकाय साम्य पर होता है।

साम्य मिश्रण के संघटन को सान्द्रता मे, ताप या दाब (आयतन) मे ंपरिवर्तन करके परिवर्तित किया जा सकता है। इनका मात्रात्मक प्रभाव ली शतालिये के नियम से पता लगाते है। जो यह कहता है कि साम्य पर किसी अभिक्रिया मिश्रण पर दबाव बढाने पर कुल अभिक्रिया उस दिशा में जाती है। जिधर दबाव (stress) खत्म होता है।

ताप मे ंपरिवर्तन साम्य सान्द्रताओं पर प्रभाव डालती है क्योकि K_c ताप पर निर्भर करता है। जैसे ही ताप बढाते है ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया के लिये K_c घटता है। तथा ऊष्माशोषी अभिक्रिया के लिये का मान K_c बढ़ता है।

उत्प्रेरक साम्य पहुचने की दर को बढाता है। किन्तु यह साम्यवस्था सान्द्रता तथा साम्यवस्था स्थिरांक को प्रभावित नही करता है। यह अग्र अभिक्रिया स्थिरांक तथा पश्च अभिक्रिया स्थिरांक का अनुपात होता है। :

$K_c = K_f / K_p$.

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

EXERCISE # 1

PART – I : SUBJECTIVE QUESTION

AECTION (A) : EQUILIBRIUM, EQUILIBRIUM CONSTANT & LAW OF MASSACTION

1. 1395 K पर $H_2(g) + CO_2 \rightleftharpoons H_2O(g) + CO(g)$
अभिक्रिया के लिए साम्य स्थिरांक की गणना करें। यदि 1395 K पर निम्न अभिक्रियओं के लिए साम्य स्थिरांक है
$2H_2O(g) \rightleftharpoons 2H_2(g) + O_2(g)$ $K_1 = 2.1 \times 10^{-13}$
$2CO_2(g) \rightleftharpoons 2CO(g) + O_2(g)$ $K_2 = 1.4 \times 10^{-12}$

2. 40 पर निम्न साम्यवस्था $N_2O_4 \rightleftharpoons 2NO_2$ (g के लिए N_2O_2 व NO_2 का आशिंक दाब क्रमशः 0.1 atm तथा 0.3 atm है। अभिक्रिया के लिए K_p ज्ञात करें।

3. साम्य $SO_2(g) + \frac{1}{2}O_2(g) \rightleftharpoons SO_3(g)$ को एक निश्चित ताप पर 4L के पात्र में स्थापित किया जाता है। साम्य पर यदि SO_2, O_2 तथा SO_2 के मोलों की संख्या क्रमशः 2, 1 तथा 4 है। तब साम्य स्थिरांक का मान ज्ञात करें।

4. एक गैस 'A' के 1 मोल को 1 लिटर के पात्र मे लेते है। यह 27^oC पर अभिक्रिया
$A(g) \rightleftharpoons B(g) + C(g)$ के अनुसार वियोजित होती है। अभिक्रिया के लिए अग्र तथा प्रतीप अभिक्रिया स्थिरांक क्रमशः 1.5×10^{-2} तथा 3×10^{-2} है। साम्य पर A,B तथा C की सान्द्रताएँ ज्ञात करें। K_p का मान भी ज्ञात करें।

5. 100^oC पर अभिक्रिया $A_2(g) + B_2(g) \rightleftharpoons 2AB(g)$ के लिए साम्य स्थिरांक 50 है। यदि एक लीटर फ्लास्क में A_2 का एक मोल रखा जाता है। जो B_2 के 2 मोल के दो लीटर वाले फ्लास्क से जुडा हुआ है तो 373 k पर AB के कितने मोल बनेगें।

6. 700 पर निम्न अभिक्रिया के लिये साम्यवस्था नियतांक 54-8 है।
$H_2(g) + I_2(g) \rightleftharpoons 2HI(g)$
यदि 700 पर साम्य पर HI(g) dk 0.5 mol L^{-1} उपस्थित है। तो $H_2(g)$ तथा I_2 (g) की सान्द्रता क्या होगी । माना कि अभिक्रिया HI(g)से प्रारम्भ होती है। और इसे 700Kपर साम्यवस्था पर पहुचने दिया जाता है।

7. H_3BO_3 + ग्लिसरीन (H_3BO ग्लिसरीन संकुल) के लिए साम्यवस्था नियतांक 0.90 है।
0.10 M H_3BO_3 ~~विलयन~~ के लिए एक लीटर मे कितनी मात्रा मे ग्लिसरीन मिलायी जाये कि H_3BO_3 का 60%, बोरिक अम्ल ग्लिसरीन संकुल में बदल जाये ?

8. एक 4 लीटर के पात्र में नाइट्रोजन के एक मोल तथा हाइड्रोजन के तीन मोल को मिश्रित किया गया है। निम्न अभिक्रिया $N_2(g) + 3H_2(g)$ ~~के द्वारा~~ यदि 0.0025 नाइट्रोजन के मोल NH_3 में परिवर्तित हो जाये तो निम्न साम्य $\frac{1}{2}N_2(g) + \frac{3}{2}H_2(g)$ NH_3 (g) ~~के लिए~~ साम्य स्थिरांक (K_c) की गणना करें।

9. साम्य $2H_2O \rightleftharpoons 2H_2 + O$ प्राप्त करने के लिए उचित ताप पर H_2O, तथा H_2 प्रत्येक n के मोल मिलाये जाते है। यदि H_2O के y मोले विघटित होते है। और कुल दाब बनाये रखा जाता है। K_p की गणना करें।

10. SO_3, SO_2 और O_2 गैस के मिश्रण को किसी ताप पर 10 लीटर फ्लास्क में साम्य पर रखा जाता है।
$2SO_2(g) + O_2(g) \rightleftharpoons 2SO_3(g)$ के लिए K_C का मान 100 mol^{-1} लीटर हैं तो साम्य पर
(a) फ्लास्क में SO_3 और SO_2 के समान मोल है। तो O_2 के मोलो की संख्या कितनी होगी ।
(b) यदि फ्लास्क में SO_3 के मोलो की संख्या SO_2 के मोलो की संख्या में दुगुनी हैं तो O_2 के कितने मोल उपस्थित होगे।

11. 900 K पर जब S को S_8 के रूप में गर्म किया जाता है। तो साम्य पर S_8 का प्रारम्भि दाब 1atm से 29% कम हो जाता है। ऐसा S_8 से S_2 मे परिवर्तन के कारण होता है। अभिक्रिया के लिए K_p ज्ञात करें।

12. ठोस अमोनिया कार्बामेट के वियोजन से अमोनिया व कार्बनडाइऑक्साइड निम्न रूप से बनता है।
$NH_2COONH_4(S) \rightleftharpoons 2NH_3 + CO_2(g)$

साम्य पर अमोनिया मिलाने परNH_3का आशिंक दाब कुल मूल दाब के बराबर हो जाता है।नये वाले कुछ दाब से वास्तविक कुल दाब का अनुपात ज्ञात कीजिए ।

SECTION (B) : REACTION QUOTIENRT

13. 460^oC पर अभिक्रिया $SO_2(g) + NO_2(g) \rightleftharpoons NO(g) + SO_3(g)$ के लिए है इन गैसों के एक मिश्रण में कियाकारक तथा कियाफल की निम्नलिखित सान्द्रता है।
$[SO_2] = 0.04$ M $[NO_2] = 0.50$ M
$[NO] = 0.30$ M $[SO_3] = 0.02$ M
क्या निकाय साम्य में है । यदि नही, तो साम्य पर पहुचने के लिए अभिक्रिया कौनसी दिशा में साम्य पर चलनी चाहिए । साम्य पर चारों गैसों की मोलर सान्द्रता क्या होगी ।

SECTION (C) : DEGREE DESSOCIATION

14. T ताप पर, यौगिक AB_2 (g) अभिक्रिया 2AB2 (g) 2AB(g) + $B_2 \longleftrightarrow$ (g) के अनुसार वियोजित होता हैं वियोजन की मात्रा x के साथ जो कि इकाई की तुलना मे कम है।साम्य स्थिरांक को x के पदों में विश्लेषण करते हुए व्यंजक ज्ञात करो। साम्य स्थिरांक K_p तथा कुल दाब P है।
15. साम्य $N_2O_4(g) \rightleftharpoons 2NO_2(g)$ के लिए NO_2 व N_2O_4 के साम्य मिश्रण का वाष्प घनत्व 38.33 पाया जाता है।
गणना कीजिए ।
(i) अपसामान्य आण्विक भार
(ii) वियोजन की मात्रा
(iii) मिश्रण में NO_2 की प्रतिशतता
(iv) यदि कुल दाब 2 atm हैं तो अभिक्रिया के लिए K_p होगा ।
16. Cl_2 के एक मोल तथा PCl_5 के 3 मोल को 100 लीटर पात्र में रखकर 227^oC तक गर्म किया जाता है। साम्य का दाब 2.05 वायुमण्डलीय हैं, तो आदर्श व्यवहार की तरह मानते हुए अभिक्रिया PCI_5 (g) $PCl_3(g) \rightleftharpoons Cl_2(g)$ के लिए PCl_5 के वियोजन की मात्रा तथा K_p की गणना करों।
17. 37^o C तथा एक वायुमण्डलीय दाब पर N_2O_4, 25% वियोजित होता है। (i) K_p तथा (ii) 37^oC व 0.1 वायुमण्डलीय दाब पर प्रतिषत वियोजन की गणना कीजिए ।
18. 250^o पर PCI_5 (अणुभार 208.5) का 4.5g पूर्णतः वाष्पित होता है तथा यह वाष्पित होता एक वायुमण्डलीय दाब पर 1.7 लीटर स्थान घेरती है इस ताप पर PCL_5 का साम्यवस्था नियतांक K_p तथा वियोजन की कोटि की गणना करों।
19. 400 और 1.0 atm पर $PCl_5(g)$ $PCl_3(g) + Cl_2(g)$ गैसीय अभिक्रिया के लिये वियोजन की कोटि 0.4 है। माना सभी गैसो का आदर्श ब्यवहार हैं 400 K तथा 1.0 atm दाब पर साम्यवस्था मिश्रण के घनत्व की गणना करो।

SECTION (D): THEMODYNAMICS OF EQUILIBRIUM

20. सिल्वर ऑक्साइड के लिये 445^o पर वियोजन दाब 207atm है। इसी तापमान पर धातु तथा ऑक्सीजन से एक मोल Ag_2O के निर्माण के लिये ΔG^o की गणना करों।
21. अभिक्रिया के लिये $SO_2(g) + 1/2O_2(g) \Leftrightarrow SO_3(g)$
$\Delta H^0_{298} = -98.32$ kJ/mol, $\Delta S^0_{298} = -95$ J/mole^{o}K.298 K पर अभिक्रिया के लिए K_P ज्ञात करें।

SECTION (E) LE-CHATELIER'S PRINCIPLE

22. अभिक्रिया को सम्मिलित करते हुए
$2Cl_2(g) + 2H_2O(g) \rightleftharpoons 4HCl(g) + O_2(g)$ $\Delta H^o = +113$ kJ
चार गैसों Cl_2, H_2O, HCl तथा O_2 को मिश्रित करते हुए तथा अभिक्रिया साम्यवस्था पर आ जाती है। दायें स्तम्भ मे की गई प्रकिया का बांये स्तम्भ मे मात्रा के साम्य अवस्था मान पर होन वाले प्रभाव को लिखिए तथा समझाइये ? (बढता है, घटता है, कोई परिवर्तन नही होता है) प्रत्येक प्रकिया को अलग माना गया है। ताप व आयतन स्थिर हे। अन्यथा दूसरी अवस्था होगी।

(1) पात्र का आयतन बढाने पर	H_2Oके मोलो की संख्या
(2) 0_2मिलाया जाता है।	H_2Oके मोलो की संख्या
(3) O_2मिलाया जाता है।	HCl के मोलो की संख्या
(4) पात्र का आयतन घटाने पर	Cl_2 के मोलो की संख्या
(5) पात्र का आयतन घटाने पर	Cl_2 का आशिंक दाब
(6) पात्र का आयतन घटाने पर	K_C
(7) ताप में वृद्धि	K_c
(8) ताप में वृद्धि	HCl की सान्द्रता
(9) Heमिलाया गया	HCl के मोलो की संख्या
(10) उत्प्रेरक मिलाया जाता है।	HCl के मोलो की संख्या

23. निम्नलिखित साम्य को ताप पर स्थापित किया जाता है।

$A(g) \rightleftharpoons B(g) + C(g)$
साम्य पर 1M 2M 2M.
यदि पात्र का आयतन दुगुना कर दिया जाए तब प्रत्येक स्पीशीज की साम्य सान्द्रता ज्ञात कीजिए।

SECTION (F) SIMULTANEOUS EQUILIBRIUM

24. दो ठोस A तथा B पर गैसीय उत्पाद मे निम्न रूप से वियोजित होते है।
$A(s) \rightleftharpoons B(g) + ;$ $K_{p1} = 300$
$D(s) \rightleftharpoons E(g) ;$ $K_{p2} = 600$
तब ठोस मिश्रण के लिए कुल दा ज्ञात कीजिए।

PART – II : OBJECTIVE QUESTIONS

SECTION (A) : EQUILIBRIUM, EQUILIBRIUM CONSTANT & LAW OF MASS ACTION :

1. एक उत्क्रमणीय अभिक्रिया $\mathbf{A} \underset{K_2}{\overset{K_1}{\rightleftharpoons}} \mathbf{B}$ में A तथा B की प्रारभिंक सान्द्रता b तथा b मोल प्रति लीटर हैं तथा साम्य सान्द्रता क्रमशः त(a- x) तथा (b +x) है। K_1, K_2,a तथा b को x के पदों में व्यक्त कीजिए।
(1) $\frac{k_1 a - k_2 b}{k_1 + k_2}$ (2) $\frac{k_1 a + k_2 b}{k_1 - k_2}$ (3) $\frac{k_1 a - k_2 b}{k_1 k_2}$ (4) $\frac{k_1 a - k_2 b}{k_1 k_2}$

2. 427^oC पर अभिक्रिया $2H_2O(g) + 2Cl_2(g) \rightleftharpoons 4HCl\ (g) + O_2\ (g)$ के लिए K_p का मान 0.03atm है जब आशिंक दाब को वायुमण्डल मे प्रेक्षित करते है तब समान अभिक्रिय के लिए K_C का मान है।
(1) 5.23×10^{-4} (2) 7.34×10^{-4} (3) 3.2×10^{-3} (4) 5.43×10^{-5}

3. अभिक्रिया $SO_2\ (g) + \frac{1}{2} O_2(g) \rightleftharpoons SO_3(g)$ का साम्य स्थिरांक 4×10^{-3} atm है।
अभिक्रिया $2\ SO_3\ (g) \rightleftharpoons 2SO_2(g) + O_2(g)$ के लिए साम्य स्थिरांक होगा।
(1) 250 atm (2) 4×10^3 atm (3) 0.25×10^4 atm (4)6.25×10^4atm

4. किस अभिक्रिया के लिये संबंध होगा।
(1) $PCl_5 \rightleftharpoons PCl_3 + Cl_2$ (2) $2SO_2 + O_2 \rightleftharpoons 2SO_3$
(3) $H_2 + I_2 \rightleftharpoons 2HI$ (4) $N_2 + 3H_2 \rightleftharpoons 2NH_3$

5. जब एल्कोहल (C_2H_5OH) तथा एसीटिक अम्ल को 27^0C पर सममोलर अनुपात में एक साथ मिश्रित करने से 33% एस्टर में परिवर्तित हो जाता है। साम्य $C_2H_5OH\ (l) + CH_3COOH\ (l) \rightleftharpoons$ $CH_3COOC_2H_5\ (l) + H_2O\ (l)$ के लिए K_c है।
(1) 4 (2) 1/4 (3) 9 (4) 1/9

6. अभिक्रिया के साम्य के लिये निम्न में से कौन सा सत्य है।
$C(s) + H_2O(g) \rightleftharpoons CO(g) + H_2(g)$
(1) $ph_2 \propto p_{H2O}$ (2) $ph_2 \propto \sqrt{p_{H_2O}}$ (3) $P_{H2} \propto P^2H_2O$ (4) $PH_2 \propto \frac{p^2_{H_2O}}{pco}$

7. क्षारीय विलयन में उपस्थित सल्फाइड आयनो की क्रिया ठोस सल्फाइड से कराते है, तो पाली सल्फाइड आयन S_2^{2-}, S_3^{2-}, S_4^{2-} आदि बनते है। S_2^{2-} के निर्माण के लिये साम्य नियतांक $12(K_1)$ है, तथा S_3^{2-} के निर्माण के लिये साम्य नियतांक 132 (K_2) है। ये दोनो S और S^{2-} बनाते है । S तथा S से S_2^{2-} बनाने के लिये साम्यवस्था नियतांक क्या होगा ।
(1) 11 (2) 12 (3) 132 (4) इनमे से कोई नही

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

8. अभिक्रिय के लिये साम्यवस्था स्थिरांक

$2NO + O_2 \rightleftharpoons 2\,NO_2$ K_{C1} है ;

$NO_2 + SO_2 \rightleftharpoons SO_3 + NO$ Kc_2 है ;

तथा $2SO_3 \rightleftharpoons 2SO_2 + O_2$ Kc_3 है तब सही सम्बन्ध है :

(1) $Kc_3 = K_{c1} \times K_{c2}$ (2) $K_{C3} \times Kc_1 \times K_{c2} = 1$ (3) $Kc_3 \times K_{c1} \times K_{c2} = 1$ (4) $Kc_3 \times K^2_{C1} \times K_{c2} = 1$

9. 250^o C पर अभिक्रिया $A + B \rightleftharpoons C + D$ का एक लीटर पात्र मे अध्ययन किया जाता है A की प्रारम्भिक सान्द्रता 3n तथा Bकी n थी । जब साम्य स्थापित होता है। c की साम्य सान्द्रता B की साम्य सान्द्रता के समान पायी गई । साम्य पर D की सान्द्रता क्या है।

(1) n/2 (2) (3n – 1/2) (3) (n – n/3) (4) n

SECTION (B) : REACTION QUOTIENT

10. SO_3, CO, SO_2 तथा CO_2 के प्रत्येक के 2 मोल को एक लीटर के पात्र में लिया जाता है। यदि $SO_3 + CO \rightleftharpoons SO_2 + CO_2$ के लिए Kc1/9 है। तब

